Media
Relation Service



PATANJALI YOGPEETH (TRUST)
DIVYA YOG MANDIR (TRUST)
216, DDA Site No. 1, New Rajinder Nagar,
New Delhi-110 060. Ph.: 011- 424 111 00
email : swamiramdevmedia@yahoo.com
yogatijarawala@yahoo.com

With the Blessing of Yog Rishi Swami Ramdev ji Maharaj

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 11 फरवरी 2013

- योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने कुंभ में इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में हुई मौतों पर अपनी संवेदना जताते हुए सरकार से कुंभ में अच्छी व्यवस्था की मांग की और कहा सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी जिम्मेदारी दिखानी चाहिए तथा घायलों का उचित ईलाज कराना चाहिए ।
- स्वामी रामदेव जी ने कहा कि अब तक देश में Swine Flu से 100 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं । मेडिकल साइंस में न तो डेंगू न चिकनगुनिया और न ही Swine Flu का कोई सटीक ईलाज है ।
- हमारे आयुर्वेद में इसका सौ प्रतिशत ईलाज संभव है । Swine Flu होने पर खांसी, बुखार और रक्तस्त्राव तीनों को रोकने की कोशिश करनी चाहिए । काली मिर्च, मुलेठी और मिश्री से खांसी एकदम नियंत्रित में आ जाती है और रक्तस्त्राव बंद हो जाता है । थोड़ी सी काली मिर्च, 5-7 लौंग, 4-5 ग्राम गिलोय, 1 से 2 ग्राम मुलेठी, 2 से 3 बादाम, 1 से 2 ग्राम हल्दी और 2-3 पत्ते तुलसी का काढ़ा बनाकर पीने से बुखार उतर जाता है ।
- ज्वारनाशक, क्वाथ, ज्वारनाशक वटी व महासुदर्शन घनवटी का प्रयोग इस बीमारी में लाभदायक है ।
- हमें केंद्र सरकार के वरिष्ठ केबिनेट मंत्रियों एवं प्रभावशाली व्यक्तियों के माध्यम से यह धमकी भरा प्रस्ताव दिया गया कि या तो जांच एवं जेल में जाने के लिए तैयार रहें या कालेधन, भ्रष्टाचार व व्यवस्था परिवर्तन के मुद्‌दों पर चुप रहें । हमारे पास दो विकल्प थे समझौता या देश और हमने देश को चुना । इसके बाद हमारे ट्रस्टों के बैंक खातें सीज कर दिये गये । हम अंतिम सांस तक लड़ेंगे यदि मुझे जेल में भी डाला जाता है तो मैं वहीं से क्रांति जारी रखूंगा और यदि जेल में नहीं जाता है तो अप्रैल में रामनवमी से पूरे देश में कालाधन, भ्रष्टाचार व व्यवस्था परिवर्तन की यात्रा आगे बढ़ाते हुए इस देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व राजनैतिक न्याय दिलाने के लिए काम करता रहूंगा ।

Media
Relation Service



PATANJALI YOGPEETH (TRUST)
DIVYA YOG MANDIR (TRUST)
216, DDA Site No. 1, New Rajinder Nagar,
New Delhi-110 060. Ph.: 011- 424 111 00
email : swamiramdevmedia@yahoo.com
yogatijarawala@yahoo.com

With the Blessing of Yog Rishi Swami Ramdev ji Maharaj

- आज देश में प्रधानमंत्री बनने की होड़ लगी है लेकिन देश को बचाने की को चिंता किसी को नहीं है ।

- देश का प्रधानमंत्री साहसी और समझदार होना चाहिए ताकि वो देश को विकास के रास्ते पर ला सके । देश के प्रधानमंत्री में राष्ट्र निर्माण का vision होना चाहिए और वो रिमोट कंट्रोल से न चले ।
- देश का प्रधानमंत्री ऐसा होना चाहिए जो देश को कालाधन दिलाये, भ्रष्टाचार मिटाये, देश की व्यवस्था को बदलकर सामाजिक न्याय दिलाये और भारत को विश्व की सर्वोच्च आर्थिक और आध्यात्मिक महाशक्ति बनाए ।

– योगऋषि स्वामी रामदेव